**171. निम्नलिखित में से किसमें सभी शब्द अशुद्ध है?**

(1) स्रोत, सुश्रुषा, षष्ठ, बूढ़ा।
(2) पूर्वाह्ण, शरदुत्सव, सन्यास, शत–शत
(3) अतिश्योक्ति,व्यवहारिक, अन्ताक्षरी, चिन्ह
(4) षट्मुख, रौप्य, लेह्य, अनुग्रहीत (1)

**172. निम्नलिखित में से 'घबराना' अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा किसमें है?**

(1) निढाल होना
(2) कलेजा धक् धक् करना
(3) कलेजा हिलना
(4) करवटें बदलना (2)

**173. निम्नलिखित में से सामासिक शब्द का सही विग्रह किसमें है?**

(1) देशभक्ति – देश की भक्ति
(2) आजीवन – जीवन भर
(3) घृतपक्व – घृत से पका हुआ
(4) शोकातुर – शोक में आतुर (2)

**174. निम्नलिखित में से किसमें शब्द के सामने उसका सही विलोम लिखा हुआ है?**

(1) सकल – शकल (2) अमर – मर्त्य
(3) कोप – दया (4) पिपासा – बुभुक्षा(2)

**175. निम्नलिखित में से किसमें गलत उपसर्ग वाला शब्द है?**

(1) आकाश (2) संन्यास
(3) निश्शंक (4) प्रज्ज्वलन (4)

**176. निम्नलिखित में से किसमें शब्द और प्रत्यय दोनों सही-सही अलग नहीं है?**

(1) बचपन = बच्चा + पन
(2) सुनहला = सोना + हला
(3) खटिया = खाट + इया
(4) लुटेरा = लुट + एरा (4)

**177. निम्नलिखित में से किसमें मुहावरें के सामने उसका सही अर्थ लिखा हुआ है?**

(1) गाल बजना – ज्यादा बोलना
(2) गूलर का फूल होना – कमजोर पड़ना
(3) पाँव भारी होना – गर्भिणी होना
(4) घड़ों पानी पड़ना – बहुत वर्षा होना (1)

**178. निम्नलिखित में से किसमें गलत कथन है?**

(1) हिन्दी में एक भी धातु व्यंजनान्त नहीं है।
(2) अनुस्वार और विसर्ग दोनों ध्वनियाँ 'अयोगवाह' है।
(3) हिन्दी के दो व्यंजन किसी भी शब्द के आरंभ में प्रयुक्त नहीं होते।
(4) हिन्दी शब्दकोश में 'त्' से आरंभ होने वाले सब शब्दों के बाद 'ज्ञ' से आरंभ होने वाले शब्द होते है। (4)

**179. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द 'हाथी' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

(1) द्विप (2) हस्ति

(3) वरूथ (4) सिंधुर (3)

**180. 'हलायुध' समस्त पद (सामासिक शब्द) में कौनसा समास है?**

(1) द्वन्द्व समास (2) तत्पुरुष समास

(3) कर्मधारय समास (4) बहुब्रीहि समास (4)

**181. निम्नलिखित में से किसमें शब्द के सामने उसका सही विलोम नहीं है?**

(1) स्थावर – जंगम (2) भेद – विभेद

(3) श्लिष्ट – विविक्त (4) हव्य – क्रव्य (2)

**182. निम्नलिखित में से किसमें सही संधि का उदाहरण है?**

(1) निः + चेतना = निर्चेतना

(2) पुनः + अवलोकन = पुनरावलोकन

(3) पत् + हति = पद्धति

(4) प्र + उढ़ = प्रोढ़ (3)

**183. निम्नलिखित में किसमें संधि सही नहीं हुई हैं?**

(1) अहन् + अह = अहरह

(2) मरुत् + हरि = मरुद्धरि

(3) अन्तः + छल = अन्तर्छल

(4) षट् + मुख = षण्मुख (3)

**184. निम्नलिखित में से किसमें शुद्ध शब्द है?**

(1) व्यस्क (2) व्यंग

(3) ढंग (4) शक्तीकरण (3)

**185. निम्नलिखित में से किसमें सही संधि है?**

(1) यशः + काय = यशोकाय

(2) स्व + ईरिणी = स्वैरिणी

(3) चतुः + श्लोकी = चतुश्लोंकी

(4) अनु + छिन्न = अनुछिन्न (1)

**186. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?**

(1) सभी परीक्षार्थियों ने इस वाक्य का उत्तर गलत लिखा।

(2) वह शायद कल जायेगा।

(3) तुम्हारी टोपी मुझ से पुरानी है।

(4) वसुदेव के पुत्र हुआ और नंद के कन्या हुई। (2)

**187. निम्नलिखित में से किसमें वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है?**

(1) जो बहुत अधिक बोलता हो = वातुल

(2) जो स्वरों और व्यंजनों में से किसी की श्रेणी में नहीं आता = विसर्ग

(3) जो माघ और फाल्गुन महीनों में आती है वह ऋतु = हेमन्त ऋतु

(4) पर्वत के ऊपर की समतल भूमि = उपत्यका (2)

**188. निम्नलिखित में से किसमें सही सन्धि-विच्छेद का उदाहरण है?**

(1) अम्बूर्मि = अम्बू + उर्मि
(2) सवित्रूर्जा – सवित्र + ऊर्जा
(3) न्यून = नि + ऊन
(4) अन्वीक्षण = अनु + इक्षण (3)

**189. निम्नलिखित में से 'आधी रात' अर्थ का द्योतक शब्द कौनसा है?**

(1) शर्वरी (2) निशीथ
(3) तमिस्रा (4) नक्तम् (2)

**190. कृदन्त 'इत' प्रत्यय के योग से बना हुआ शब्द किस विकल्प में है?**

(1) चलित (2) हसित
(3) कुसुमित (4) लिखित (3)

**191. निम्नलिखित में से किसमें 'परिमाण वाचक क्रिया विशेषण उपवाक्य' है?**

(1) वीर जहाँ जाता है वहीं सम्मान पाता है।
(2) जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।
(3) जितना गुड़ डालेंगे उतना ही मीठा होगा।
(4) ज्योंहि शिव ने बाण चलाया त्योंहि त्रिपर नष्ट हो गया। (3)

**192. निम्नलिखित में से किसमें उपसर्ग के योग से बना हुआ शब्द नहीं है?**

(1) उचक्का (2) औदक (3) औढर (4) औघट (3)

**193. निम्नलिखित में से उपसर्ग से संबंधित गलती किसमें हैं?**

(1) उसकी पैतृक संपत्ति थोड़ी ही है।
(2) हिन्दी के पत्र–पत्रिकाएँ पढ़िए।
(3) भीम का प्राक्रम सभी जानते हैं।
(4) यथाशक्ति से नित्य दान करते रहिए। (3)

**194. निम्नलिखित में से किसमें अशुद्ध शब्द है?**

(1) मुमुर्षु (2) अन्तर्धान
(3) नीरोग (4) बहिस्सृष्टि (1)

**195. किस शब्द - युग्म में उसके शब्दों के अर्थ सही-सही लिखे हुए हैं?**

(1) शशिधर – शशधर = (A) शशिधर – महादेव शंकर (B) शशधर – शेषनाग
(2) विलाप – विलाल =(A) विलाप – रोदन (B) विलाल – सुन्दर
(3) व्यंसक – व्यंशक =(A) व्यंसक – पहाड़ (B) व्यंशक – ठग
(4) जरठ – जठर = (A) जरठ – बूढ़ा (B) जठर – पेट (4)

**196. निम्नलिखित में से किसमें तद्धित प्रत्यय के योग से बना हुआ शब्द है?**

(1) पोटली (2) मिलनसार
(3) कोठरी (4) रंगीला (4)

**171. बहुव्रीहि समास है-**
(1) त्रैलोक्य (2) पंचवटी
(3) चौराहा (4) चतुर्भुज (4)

**172. परा उपसर्ग नहीं है-**
(1) पराक्रम (2) पराभव
(3) पराजय (4) पराश्रित (4)

**173. सत्कार का विलोम शब्द क्या होगा?**
(1) तिरस्कार (2) अनादर
(3) अपमान (4) इनमें से कोई नहीं (1)

**174. व्याकरण की दृष्टि से वाक्य से संबंधित कौनसा कथन सही है?**
(1) वाक्य मे कर्त्ता, कर्म और क्रिया का होना आवश्यक है
(2) उद्देश्य और विधेय वाक्य के आवश्यक घटक है
(3) संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण वाक्य के आवश्यक तत्त्व है
(4) इनमें से कोई नहीं (2)

**175. गागर में सागर भरना का अर्थ है-**
(1) समुद्र में छोटे बर्तन से पानी भरना
(2) नदी और समुद्र में अंतर करना
(3) बहुत कम शब्दों में अधिक कहना
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

**176. धनुष का पर्यायवायी है-**
(1) सायक (2) शिलीमुख
(3) शरासन (4) विशिख (3)

**177. अनु उपसर्ग है-**
(1) अनुपस्थित (2) अनुदार
(3) अनुशासन (4) अनुपम (3)

**178. किस शब्द में कोई भी उपसर्ग नहीं है?**
(1) नामुमकिन (2) हमवतन
(3) हम लोग (4) बाकायदा (3)

**179. आटे के साथ घुन भी पीसता है, का अर्थ है-**
(1) अनाज को साफ करके पिसवाना चाहिए
(2) घुन को देखना चाहिए
(3) दोषी के साथ निर्दोष व्यक्ति भी दंड पाता है
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

**180. इनमें से किस शब्द का संधि विच्छेद सही है?**
(1) अतएव = अतः + एव

(2) पित्राज्ञा = पित्र + आज्ञा
(3) उद्धार = उत् + धार
(4) मतैक्य = मत + एक्य (2)

**181. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है?**
(1) एक्य (2) दम्पती (3) चिन्ह (4) शताब्दि (3)

**182. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है?**
(1) अवशिष्ट (2) गरिष्ठ (3) घनिष्ट (4) अनिष्ट (3)

**183. इन्दा प्रत्यय नहीं है-**
(1) गोविंदा (2) परिन्दा
(3) बाशिंदा (4) शर्मिंदा (1)

**184. सही समास विग्रह है-**
(1) विद्यालय = विद्या का आलय
(2) ध्यानमग्न = ध्यान में मग्न
(3) वनवास = वन का वास
(4) ऋणमुक्त = ऋण के द्वारा मुक्त (2)

**185. गलत समास विग्रह है-**
(1) हस्तलिखित = हाथ का लिखा हुआ
(2) महात्मा = महान् है जो आत्मा
(3) चतुरानन = चार है आनन जिसके, वह
(4) उपर्युक्त सभी (4)

**186. अव्ययीभाव समास है-**
(1) दूरदृष्टि (2) मातृशक्ति
(3) देशभक्ति (4) यथाशक्ति (4)

**187. एरा प्रत्यय नहीं है-**
(1) बसेरा (2) सवेरा
(3) ममेरा (4) सपेरा (2)

**188. इत प्रत्यय नहीं है?**
(1) पल्लवित (2) फलित
(3) पुष्पित (4) अमित (4)

**189. छूने मात्र से फैलने वाले रोग को कहते हैं-**
(1) संक्रामक रोग (2) असंक्रामक रोग
(3) घातक रोग (4) असाध्य रोग (1)

**190. व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है?**
(1) रविार के दिन सरकारी दफ्तरों में अवकाश रहता है।
(2) हमें संकट के अंदर घबराना नहीं चाहिए।
(3) वह अपने छात्रों से पुत्रवत् स्नेह करता है।
(4) यह उपहार उसे चौथी विवाह की वर्षगाँठ पर मिला था। (3)

**191. अपने पैरों पर खड़े होना मुहावरे का अर्थ है-**
(1) खड़े होकर सावधानी से आगे बढ़ता
(2) आत्मनिर्भर होना
(3) छोटे बच्चे को चलना सीखना
(4) इनमें से कोई नहीं (2)

**192. आग बबूला होना का अर्थ है-**
(1) बबूल का पेड़ उगाना
(2) गरम हवा के बगूले उड़ाना
(3) अत्यंत क्रोधित होना
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

**193. चोरी-छुपे माल लाने-ले जाने वाले को कहते हैं?**
(1) चोर (2) डाकू (3) तस्कर (4) दृष्ट (2)

**194. इन्द्रियों को वश में करने वाले को कहते हैं?**
(1) साधु (2) इन्द्रजीत
(3) मनजीत (4) जितेन्द्रिय (4)

**195. इनमें से किस शब्द का संधि विच्छेद असत्य है?**
(1) उत्थान = उत् + स्थान
(2) प्रतिष्ठित = प्रति + स्थित
(3) नीरोग = निः + रोग
(4) रमेश = राम + ईश (4)

**196. इनमें से किस शब्द का संधि विच्छेद सत्य है?**
(1) रवि + इन्द्र = रविन्द्र
(2) देवी + अवतरण = देव्यतरण
(3) सत् + मार्ग = सद्मार्ग
(4) दुः + अवस्था = दुरावस्था (2)

**197. वन का पर्यायवाची नहीं है?**
(1) कानन (2) अटवी
(3) विपिन (4) आनन (4)

**198. आदि-आदी शब्द युग्म का अर्थ है-**
(1) आरंभ–अभ्यस्त (2) अभ्यस्त–आरंभ
(3) आरंभ–आदिवासी (4) आदि–अनंत (1)

**199. सही विलोम युग्म है-**
(1) मितव्यय–अल्पव्यय (2) आवास–निवास
(3) जय–विजय (4) अनुराग–विराग (4)

**200. गलत विलोम युग्म है-**
(1) पक्ष–विपक्ष
(2) क्रम–विक्रय
(3) निर्मल–विमल
(4) आगत–विगत (3